दैनिक सच एक्सप्रेस
सत्यम् सदैव सुन्दरम्...



# बदमाशों पर पुलिस की सख्ती, धरपकड़



**शाजापुर।** शनिवार-रविवार की दरमियानी रात नगर की सड़कें खाकी धारियों की मौजूदगी से पटी हुई थी। इस रात सड़क पर 400 से अधिक पुलिसकर्मी रात्रि गश्त कर रहे थे, जिन्होंने अपराधियों के घर दबिश देकर पूछताछ की। साथ ही अपराधियों की धरपकड़ भी की। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन जोन उमेश जोगा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन के आदेशानुसार जिले में अपराधों पर नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रात को एसपी यशपालसिंह राजपूत के निर्देशन एवं एएसपी घनश्याम मालवीय के मार्गदर्शन में जिलेभर में कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस अभियान में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना स्तर के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। रवाना करने से पूर्व पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिस पार्टियों को आवश्यक ब्रीफिंग कर रवाना किया गया। इस दौरान पुलिस ने 49 स्थाई वारंटी एवं 65 गिरफ्तारी वारंट तामील किए, 2 फरारी वारंट का निष्पादन किया। साथ ही 11 जिला बदर एवं 126 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की सघन चेकिंग की गई। इसके अलावा 2 प्रकरण सट्टा एक्ट, 01 प्रकरण जुआ एक्ट एवं 03 प्रकरण आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया। पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान 17 होटल, लॉज, ढाबा और धर्मशालाओं की चेकिंग भी की। वहीं रात में बैंक, ए टी एम, संवेदनशील स्थानों एवं रात्री में संदेहास्पद रूप से घूम रहे व्यक्तियों की चेकिंग भी की गई। सर्वाधिक स्थाई वारंटी की तामीली थाना कालापीपल द्वारा की गई। अपराधियों के घरों पर भी दी दबिश, गतिविधियों के बार में भी जाना पुलिस ने गश्त के दौरान बदमाशों, गुण्डों एवं जेल से रिहा होकर आए अपराधियों के घर जाकर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली गई। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई कि यदि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलेभर में कुल 400 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी कॉम्बिंग गश्त में शामिल हुए। एसपी श्री राजपूत ने नगरवासियों को संदेश दिया कि जिले की जनता की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराधियों के खिलाफ इसी प्रकार की सघन कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस सदैव तत्पर है।

## सेवा पखवाड़ा में लगेंगे रक्तदान शिविर

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्रे मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक मनाये जाने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत शाजापुर जिले में जिला मुख्यालय सहित शुजालपुर एवं कालापीपल में 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

देश तथा प्रदेश में रक्तदान अमृत महोत्सव 2 अभियान भी मनाया जाना है। इस तारतम्य मे जिले में तीन स्थानों शाजापुर, शुजालपुर एवं कालापीपल में प्रात: 10 बजे से शाम 04 बजे तक रक्तदान शिविरो का आयोजन किया जाएगा। सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय शाजापुर डॉ. बीएस मैना एवं ब्लड बैंक प्रभारी पैथोलोजिस्ट डॉ. एसडी जायसवाल ने बताया कि वृहद स्तर पर आयोजित हो रहे रक्तदान शिविरों के लिए चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। रक्तकोष अधिकारी डॉ. एसडी जायसवाल ने आमजनों से अपील की है कि शिविर में रक्त दान कर जरूरत मंदो के जीवन रक्षा में सहयोगी बने।

## सच संक्षेप

### पंचायतों से मांगी रिपोर्ट

**बनखेड़ी।** विकासखण्ड बनखेड़ी क्षेत्रांतर्गत संचालित शासकीय एवं अशासकीय वेयर हाउसों से कर वसूली को लेकर अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जनपद पंचायत सीईओ रीना कुमारिया ने इस मामले में सख्ती दिखाते हुए संबंधित ग्राम पंचायतों से एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।बताया गया कि ग्राम पंचायत बाचावानी, खमरिया, ईशरपुर, चांदोन, समनापुर, तिसरी, मछेराकला, सेमखेड़ा, पलियापिपरिया, जुन्हेटा, महुआखेडा सहित अन्य पंचायतों में वेयर हाउस संचालित हैं। इनसे कर वसूली की स्थिति पर स्पष्ट विवरण मांगा गया है। सीईओ ने कहा कि पंचायतों की राजस्व आमदनी सुनिश्चित करने में किसी भी स्तर पर ढिलाई सामने आई तो जिम्मेदारों पर कार्यवाही तय होगी।

### लोक अदालत में निपटे मामले

**शहडोल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल श्री काशीनाथ सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय शहडोल एवं सिविल न्यायालय ब्यौहारी, बुढ़ार तथा जयसिंहनगर में किया गया।नेशनल लोक अदालत में कुल 791 लंबित प्रकरण एवं 1617 प्री-लिटिगेशन प्रकरण इस प्रकार कुल 2408 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें कुल 26258949 /- राशि का अवार्ड पारित हुआ जिसमें से मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के कुल 71 प्रकरण चेक अनादरण के 71 आपराधिक राजीनामा योग्य 395 वैवाहिक विवाद के 51 विद्युत विभाग के 73 लंबित एवं 867 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### हिंदी दिवस पर कार्यक्रम



**बैतूल।** मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित व ग्रीन आर्मी युवा मंडल बैतूल बाजार के सहयोग से बैतूल बाजार में 14 सितंबर 2025 हिंदी दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। यह पखवाड़ा 28 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम ब्रेनिएक्स इंटरनेशनल स्कुल के डायरेक्टर नीरज वर्मा, ग्रीन आर्मी युवा मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र पवार के उपस्थिति में और धनंजय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में शुभारंभ किया। कार्यक्रम में चित्रकला निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। चित्रकला निबंध के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व का उल्लेख किया। इस अवसर पर अनिकेत परिहार, गणेश बेल, सजय पंडाग्रे, अखलेश खडिया, पायल मोहबे, जीतेश मालवीय नेहा पवार, अमन पवार, विशाखा थोटेकर, अथर्व सोनी, नैतिक राठौर आदि मौजूद थे।

### पितृ तर्पण व भागवत कथा

**बैतूल।** मां माचना तट पर आज सोमवार 10 बजे से मां माचना का पूजन पश्चात पितृ तर्पण व श्रीमद भागवत कथा कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई। कलश यात्रा प्राचीन माता मंदिर, शंकर नगर होते हुए माचना तट ग्रीन सिटी फिल्टर प्लांट पहुंची कथा आयोजन समिति के आनंद प्रजापति ने बताया कि कथा का वाचन पंडित सुखदेव शर्मा द्वारा किया जाएगा। कथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। समिति ने सभी से 21 सितम्बर तक चलने वाली कथा लाभ लेने का आग्रह किया है।

### अटल सेना सौंपेगी ज्ञापन

**बैतूल।** वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन हर माह 15 सौ रुपए दिया जाए एवं समस्त विकलांग पेंशन बहु विकलांग पेंशन 3 हजार महीने हितग्राहियों को मिलना चाहिए इसी मांग को लेकर अटल सेना के बैनर तले 17 सितम्बर, बुधवार दोपहर 1 बजे स्टेडियम शिवाजी चौक से बैतूल कलेक्टर को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन के प्रांत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान (केन्डु बाबा) ने बताया कि साथ ही हमारी मांग है कि विकलांगों और बुजुर्गों को पूर्व की तरह मनीआर्डर द्वारा घर पहुंच पेंशन दी जाए। जो चल नहीं सकते हैं जो बीमार है जो बिस्तर पर ही पड़े हैं ऐसे लोगों को मान्यता द्वारा दिया जाए। जिनके थंब प्रिंट नहीं आ रहे हैं ऐसे व्यक्ति को बैंक के द्वारा उनके घर पहुंच सेवाएं प्रदान की जाए। संगठन ने अपील की है कि इन मांगों को लेकर 17 तारीख को 1 बजे स्टेडियम शिवाजी चौक पर सभी हितग्राही अपने अधिकार, समस्या के लिए व पेंशन में बढ़ोतरी के लिए समय पर पहुंचें।

### पुरूस्कार जीता

**शिवपुरी।** देखा जाऐ तो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं आत्मनिर्भर भारत का संदेश देते है और इस पर कई नव युवाओं ने अमल भी किया है। जिला



मुख्यालय शिवपुरी का भी एक नव युवा वंश पुत्र श्रीमती किरण-धीरज उप्पल निवासी कृष्णपुरम कॉलोनी है जिसने अपने बेहतर भविष्य का निर्माण स्वयं किया है और एक हटकर अपना नया रेस्तरां डालकर वाना कॉफी के नाम से अंचल शिवपुरी का नाम इंदौर और फिर देश के बैंगलोर में आयोजित कॉफी के खिताबी मुकाबले एयरोप्रेस में तृतीय स्थान हासिल कर किया है। वाना कॉफी के नाम से संचालित इस रेस्तरां के मालिक वंश उप्पल बताते है कि किसी भी स्टार्टअप के लिए उसकी जानकारी होना आवश्यक है तभी सफलता मिलेगी, हालांकि कॉफी को लेकर कई तरह के सवाल लोगों के जेहन में रहते है बाबजूद इसके मुझे शिवपुरी शहर का नाम बड़े शहरों में करना है इसे ध्यान में रखते हुए अपने इंदौर के दो मित्रों गौरव और ऋषभ है जिन्होंने एक कैफे की मुलाकात में मुझे अपनी ओर आकर्षित किया और आज यह स्टार्टअप आपके सामने है।

# व्यापारियों ने की समाजसेवा की पहल



**शिवपुरी।** समाज को एक सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से, स्वर्णकार सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन के द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। जिसमें संस्था के द्वारा मंगलम भवन में वृद्धजनों की सेवा कर उन्हें आवश्यक सामग्री वितरित की। इस दौरान एसोसिएशन के सदस्यों ने वृद्धजनों को बेडशीट, तकिया, नमकीन और बिस्कुट प्रदाय किए। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि व्यावसायिक संगठन केवल लाभ कमाने के लिए नहीं होते, बल्कि उनकी भी समाज के प्रति जिम्मेदारी होती है। इस दौरान स्वर्णकार सराफा व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष प्रकाश सोनी के नेतृत्व में समाज के सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें सनी सोनी, राजेश सोनी, सचिन सोनी, विष्णु सोनी, सुरेश सोनी, रवि सोनी, मनीष संजू सोनी, आकाश सोनी, सतीश सोनी मनोज सोनी, समस्त स्वर्णकार समाज उपस्थित रहा। यहां स्वर्णकार सर्राफा पदाधिकारियों ने बताया कि उनका यह प्रयास वृद्धजनों के प्रति सम्मान और देखभाल की भावना को बढ़ावा देना है, सेवा कार्य के दौरान, वृद्धजनों के चेहरों पर खुशी और संतुष्टि का भाव स्पष्ट रूप से देखा गया। एसोसिएशन ने यह भी कहा कि वह भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को जारी रखेंगे, ताकि समाज के कमजोर वर्गों को सहायता मिल सके और एक बेहतर तथा समावेशी समाज का निर्माण हो सके। सेवा कार्य से समाज में बढ़ा सद्भाव स्वर्णकार सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने बताया कि हमारी संस्था के द्वारा इस सेवा कार्य ने समाज में एक मजबूत सद्भाव और एकता का संदेश दिया है। स्वर्णकार सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन ने यह साबित कर दिया है कि व्यापारिक समुदाय भी सामाजिक कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## सुपोषण सप्ताह

**शिवपुरी।** सुपोषण सप्ताह के अंतर्गत रविवार को दो स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। एक स्वास्थ्य शिविर बालिका छात्रावास माधव चौक स्कूल में लगाया गया जिसमें 37 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गई। इस शिविर में डॉक्टर मनीष जैन एवं सुषमा देवांगन उपस्थित थे।

दूसरा शिविर बनवासी छात्रावास पर लगाया जिसमें 31 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई। इस शिविर में डॉक्टर प्रवीण वर्मा एवं दिलीप वर्मा उपस्थित रहे, दोनों स्वास्थ्य शिविर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगाए गए। इन शिविरों में प्रमुख रूप से शैलेश विरमानी, नरेंद्र गुप्ता, श्रीमती शर्मिला बंसल, श्रीमती सुरेखा बक्शी का विशेष सहयोग रहा।

# एक करोड़ से बनेगी गौशाला निर्माण

**शाजापुर।** श्री गोपाल गौशाला न्यास शाजापुर की वार्षिक साधारण सभा शनिवार को गौशाला भवन में आयोजित की गई। जिसमें सभी न्यासी पदाधिकारी एवं साधारण सदस्य उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता न्यास अध्यक्ष दिनेशकुमार नवाब ने की। बैठक में वर्ष 2024-25 के आय-व्यय पत्रक का वाचन न्यास के कोषाध्यक्ष हुकुमचंद सोनी ने किया। आगामी वर्ष के प्रस्तावित बजट का वाचन सहसचिव राजेंद्र भट्ट ने किया। जिसके अनुसार 7 लाख 76 हजार का बजट पारित किया गया। इस अवसर पर न्यास उपाध्यक्ष राजनारायण चौहान, वरिष्ठ न्यासी डॉ. रामनारायण सोनी, शिवनारायण पाटीदार, शरद भंडावत, जगदीश शर्मा, हरिनारायण शर्मा, जगमोहन सोनी, प्रदीप सांखलिया, मनीष शर्मा, नाथूलाल गवली, रामदयाल पाटीदार, आलोक गुप्ता, जगदीश महेश्वरी, विनोद जैन, राजवीरसिंह चौहान, सुखदेवलाल भावसार, राजेंद्र धनोपिया, शंकर गिर आदि उपस्थित थे। संचालन सचिव राजेंद्र नागर ने किया तथा आभार हेमेंद्र व्यास ने माना। अंत में क्लब के दिवंगत सदस्यों, स्वर्गीय दानदाताओं एवं देश के लिए बलिदान हुए वीर शहीदों के प्रति शोक श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक में सचिव राजेंद्र नागर ने वर्ष का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा बताया कि विगत वर्ष क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावत द्वारा गौशाला की ग्राम कांजा स्थित भूमि पर गौशाला निर्माण हेतु एक करोड रुपए की धनराशि देने की घोषणा की थी जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। शीघ्र ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के माध्यम से गौशाला निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। गौशाला निर्माण हो जाने पर अधिक संख्या में गोवंश को रखा जा सकेगा तथा नगर में घूम रहे निराश्रित गोवंश की समस्या का समाधान हो सकेगा। साथ ही गौ माता की समुचित सेवा की जा सकेगी।

# प्रेमीयुगल ने खाया जहर

**आष्टा।** आष्टा ब्लॉक के सिद्धि गंज थाना अंतर्गत एक युवक, युवती ने सिद्धि गंज थाना परिसर में ही जहर खा लिया जिन्हें गंभीर हालत में आष्टा के सिविल चिकित्सालय लेकर आए यहां से सीहोर रेफर कर दिया गया। बता दें कि प्रेमीयुगल अपने विवाह की सूचना देने के लिए सिद्धीगंज थाने गए थे, वहा जाकर थाना प्रभारी को बताया कि दोनो ने विवाह कर लिया हैं। इस पर सिद्धीगंज थाने में मौजूद पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में धार जिले के तिरला थाने में गुमशुदगी का प्रकरण दर्ज हैं, वहा की पुलिस को सूचना देना पडेगी, आप इंतजार कीजिए। जानकारी के अनुसार प्रेम प्रसंग के चलते युवती धार जिले के तिरला की निवासी होकर व्यस्क हैं तथा युवक आष्टा तहसील के नीलबड़ का निवासी हैं। दोनो के मध्य प्रेम प्रसंग के चलते दोनो ने विवाह कर लिया था और इसकी सूचना देने के लिए दोनो शनिवार की शाम 6 बजे के लगभग थाना सिद्धीगंज पहुंचे थे। वहा जो कुछ भी घटनाक्रम घटा उसके चलते पहले युवती ने अपने बेग से कुछ सामग्री निकाली और वह शोचालय में गई, कुछ देर बाद वह उल्टी करने लगी। यह देख युवक ने भी जहरीले पदाथ का सेवन कर लिया।दोनो को गंभीर हालात में सिद्धीगंज पुलिस सिविल अस्पताल आष्टा लेकर आई और जहां से उन्हे गंभीर हालत में सीहोर और फिर भोपाल रैफर किया हैं।

# टेबल टेनिस टूर्नामेंट की तैयारियां



**शिवपुरी।** खेलों की धरती शिवपुरी एक बार फिर से खेलप्रेमियों के लिए बड़ा तोहफा लेकर आई है। आगामी 19 से 21 सितम्बर 2025 तक शिवपुरी जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित थर्ड एमपी स्टेट रैंकिंग टूर्नामेंट 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का स्थल होगा शहर का प्रसिद्ध शिव रिसॉर्ट, जहाँ प्रदेशभर से आने वाले श्रेष्ठ खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

यह प्रतियोगिता केवल टेबल टेनिस के मैचों तक सीमित नहीं होगी, बल्कि यह खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का अनोखा संगम होगी। आयोजन विशेष महत्व रखता है क्योंकि इस वर्ष शिवपुरी जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन अपने 48 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर रहा है। बीते वर्षों में यह संगठन न केवल खिलाडयि़ों को प्रोत्साहित करता आया है बल्कि अनेक प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का मजबूत आधार भी बना है। इस दौरान इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर टेबिल टेनिस एसोसिएशन के सचिव सुनील नाहटा के द्वारा तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रदेशभर से जुटेंगे श्रेष्ठ खिलाड़ी टेबिल टेनिस एसोसिएशन के सचिव सुनील जैन (नाहटा)ने जानकारी देते हुए बताया कि इस टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाड़ी भाग लेंगे।

## विहिप ने निकाली वाहन रैली

**शाजापुर।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा रविवार को संगठन का 61वां स्थापना दिवस नगर में विशाल वाहन रैली निकाल मनाया गया। इस दौरान अतिथियों ने कार्यकर्ताओं को अपने संबोधन से मार्गदर्शन दिया।

रैली की शुरूआत एबी रोड स्थित मां राजराजेश्वरी मंदिर से हुई। जो प्रमुख मार्गो पर होते हुए पुन: मां राज राजेश्वरी मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विहिप के मुख्य अतिथि संत जानकी दास महाराज थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विहिप के प्रांत धर्म प्रसार प्रसार टोली के सदस्य संजय होल्कर थे। अध्यक्षता मालवा प्रांत उपाध्यक्ष घुंसी के महेश गोठी ने की। वाहन रैली की शुरूआत मंचासीन अतिथियों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम व भारत माता के चित्र पर मार्ल्यापण कर व दिप प्रज्वलित कर किया। अपने वक्तव्य में श्री होल्कर ने बताया कि धर्म व जनसंख्या के आधार पर देश का विभाजन किया गया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से की भेंट



**भोपाल।** टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले के कई क्षेत्रों में इस वर्ष अतिवृष्टि के चलते किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। अत्यधिक बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया और फसलें पूरी तरह खराब हो गई । किसानों की आर्थिक कमर टूट चुकी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय सिंह यादव ने भोपाल में मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव से भेंट कर उन्हें किसानों की स्थिति से अवगत कराया और अतिवृष्टि से फसलों को हुए भारी नुकसान के सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया । श्री यादव ने मुख्यमंत्री का आकर्षित किया ही जल्द ही रवि की फसल के लिए खेतो में जुताई प्रारम्भ होने वाली है , ज्यादा बारिश के कारण दिक्कत के शिकार किसानों को अगली फसल की तैयारी के लिए खाद, बीज सहित अन्य संसाधनों की आर्थिक सहायता की जरुरत हैं। उन्होंने रवि फसल की तैयारी के पहले अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों का तत्काल सर्वे करवाकर किसानों को सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने भरोसा दिया कि शीघ्र ही किसानो को मुआवजा दिया जाएगा।

विदित है कि अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा अभी तक करीब दो हजार करोड़ रु. की सहायता दी जा चुकी है। हाल ही में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने स्वयं रतलाम, शाजापुर सहित अन्य प्रभावित जिलों के खेतों में पहुंचकर अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया है । उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया है कि सरकार हर आपदा में साथ खड़ी है।

## जागरूकता अभियान

**शिवपुरी।** गत दिवस बीटीपी स्कूल शिवपुरी में एचआईवी-एड्स सघन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. बी.एल. यादव एवं नोडल अधिकारी प्रदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को एचआईवी-एड्स के फैलने के कारण, उसके बचाव के उपाय तथा हेपेटाइटिस-बी की विस्तृत जानकारी प्रदान कीडॉ. बी.एल. यादव ने विद्यार्थियों को एचआईवी अध्यादेश 2017 की प्रमुख जानकारियां सरल भाषा में समझाई। इसी क्रम में आईसीटीसी काउंसलर सादिक खान ने राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1097 के उपयोग के महत्व को साझा किया। ब्रजेश कुशवाहा (एलटी) ने एचआईवी टेस्ट की प्रक्रिया एवं महत्व पर जानकारी दी।

# मंडीदीप में शिक्षकों का सम्मान



**मंडीदीप।** हमारे जीवन में शिक्षक का स्थान बेहद खास होता है. शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे हमें जीवन जीने की सही दिशा भी दिखाते हैं। शिक्षक समाज के असली निर्माता होते हैं. अगर डॉक्टर जीवन बचाते हैं, इंजीनियर पुल और इमारतें बनाते हैं तो शिक्षक इंसान के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षको का सम्मान के साथ उनके पदचिन्हों पर भी चलने का सकल्पं लेने जरूरी है।

उपरोक्त बात भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने कही। वह नगर की समाजिक संस्था 'सेवा समिति' द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम में वर्ष सेवानिवृत शिक्षको सहित 128 विद्यालय, महाविद्यालयों कें संचालको व प्राचार्य का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष जीवनसिंह पाल एसडीएम चन्द्रषेखर श्रीवास्तव, भाजपा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, इण्डस्ट्रीज एसोसियन अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# कलेक्टर-एसपी को सौंपेंगे ज्ञापन

**बैतूल।** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय संरक्षक महाउपासिका मीरा ताई अंबेडकर के धम्म कारवां को गतिमान करते हुए जिला शाखा बैतूल द्वारा रविवार 14 सितंबर को कालापाठा बुद्ध विहार बैतूल में जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ जिलाध्यक्ष अधिवक्ता नामदेव नागले ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सभी उपस्थित साथियों ने बुद्ध वंदना, त्रिशरण और पंचशील ग्रहण कर नमन-वंदन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कार्यालय मुंबई द्वारा निर्धारित विषय बौद्ध धम्म की विशेषताएं पर तहसील बैतूल की महासचिव धम्म उपासिका आयु जसवंती चौकीकर ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विस्तारपूर्वक बताया कि बुद्ध का धम्म पूर्णत: विज्ञान पर आधारित है और भगवान बुद्ध के विज्ञानवादी सिद्धांत राष्ट्र के विकास में पूर्णत: सहायक हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष अधिवक्ता नामदेव नागले ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आयु चरनदास ढेंगरे के निर्देशानुसार 17 सितंबर 2025 को अनागारिक धम्म पाल की जयंती, पेरियार रामास्वामी नायकर की जयंती और भैया साहब अंबेडकर की स्मृति दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

# कुंडलपुर पहुंचकर किए बड़े बाबा के दर्शन



**सिलवानी।** धर्म, आस्था और भक्ति के पावन संगम के साथ नगर सिलवानी के श्रद्धालु तीर्थ यात्रा पर प्रस्थान कर रविवार को दमोह जिले में स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर पहुंचे। इस आध्यात्मिक यात्रा में नगर के समाजसेवी सवाई सेठ जय बाबू जैन, राजीव समैया, सवाई सेठ राजेश खन्ना, विनय जैन, संस्कार जैन एवं पत्रकार विजय जैन शामिल हुए। यात्रा का मुख्य उद्देश्य जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की भव्य प्रतिमा — जिन्हें श्रद्धालु बड़े बाबा के नाम से जानते हैं के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करना था। सभी श्रद्धालुओं ने कुंडलपुर पहुँचते ही सबसे पहले बड़े बाबा के दर्शन कर विधिपूर्वक आरती की और क्षेत्र की पवित्रता का अनुभव किया।

श्रद्धालुओं ने तीर्थ क्षेत्र स्थित अन्य मंदिरों के दर्शन भी किए, जिनमें चंद्रप्रभु मंदिर, शांतिनाथ मंदिर, पार्श्वनाथ मंदिर सहित अनेक जिनालय शामिल रहे। तीर्थ क्षेत्र में विद्वान आचार्यों व साधुओं की सान्निध्यता में विशेष पूजन-अभिषेक, शांतिधारा और अनुष्ठान सम्पन्न किए गए। सभी यात्रियों ने धार्मिक वातावरण में आत्मिक शांति एवं संतोष की अनुभूति व्यक्त की। यात्रा के उपरांत श्रद्धालुओं ने कहा कि कुंडलपुर जैसे पवित्र तीर्थ पर जाना और वहाँ आराधना करना जीवन को सार्थक बनाता है।

## परिश्रम ही पुरुषार्थ विकसित करता है

**आष्टा।** किसानों की भरपूर मेहनत और व्यापारी गण के सीमित लाभ से व्यापार करने की प्रवृति ने कृषि उपज मंडी आष्टा को प्रदेश में प्रमुख स्थान दिलाया हुआ है समाज सेवी एवं शिक्षित अनाज व्यापारी हुकुम वोहरा नवाचार करने में अग्रणी रहते है आज उन्होंने अनाज बीनने वाली देवियों और भरे हुए बोरो का अनाज उठाने वाले हम्माली में कार्यरत सज्जनों को अपने पौत्र आदित्य के जन्म दिवस के उपलक्ष में मंडी प्रांगण में समारोह सम्मान पूर्वक भोजन कराया इस अवसर पर नगर के प्रमुख गणमान्य जनों ने भी उपस्थिति दी , नगर पालिका परिषद आष्टा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार ने आयोजक परिवार का स्वागत कर कहा कि परिश्रम पुरुषार्थ विकसित करता है अपने नवाचारों से वोहरा परिवार ने आष्टा की व्यवसायिक गतिविधियों को सदैव प्रगति शील रखा है, इस अवसर पर सेठ रविन्द्र रांका, मंडी व्यापारी एसोशिएशन के अध्यक्ष रूपेश राठौर , सुनील आदिनाथ आदि उपस्थित थे, मास्टर आदित्य को सभी ने परिश्रम से पुरुषार्थी बनने की शुभकामनाएं देकर परिश्रमी जनों का स्वागत किया।